DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

नई दिल्ली, 7 दिसंबर, 2023 दैनिक जागरण ----------DATE

# पार्क में कम से कम 50 हिरण रखें : कोर्ट

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने अगले आदेश तक हौज खास स्थित डियर पार्क से हिरणों के स्थानांतरण पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्णा की पीठ ने साथ ही सुझाव दिया कि कम से कम 50 हिरणों को पार्क में रखा जाए और शेष हिरणों को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) रिज या अन्य हरित क्षेत्र में भेज सकता है। मामले में अगली सुनवाई जनवरी में होगी।

पीठ ने कहा कि राजस्थान के जंगल में बहुत सारे तेंदुए हैं। ये हिरण वहां जीवित नहीं रहेंगे। कम से कम, 50 हिरण डियर पार्क रखें। अदालत ने यह आदेश 600 जानवरों के स्थानांतरण के विरुद्ध नई दिल्ली नेचर सोसायटी द्वारा दायर जनहित याचिका पर दिया। याचिका में कहा गया है कि क्रमशः 70 प्रतिशत और 30 प्रतिशत के अनुपात में हिरणों के स्थानांतरण के निर्णय को मंजूरी देते समय शर्तों का पालन नहीं किया गया। कोर्ट ने डीडीए से पूछा कि डियर पार्क में क्या खामियां हैं, जिसके कारण इसे बंद करने का प्रस्ताव है। दक्षिणी दिल्ली के हौज खास क्षेत्र में डीडीए के अधिकार क्षेत्र वाले डियर पार्क की छोटे चिड़ियाघर के रूप में मान्यता रद करने के मुद्दे पर अधिकारियों ने कहा कि इसका मुख्य कारण आबादी में वृद्धि, बीमारी फैलने की संभावना और इसे बनाए रखने के लिए प्रशिक्षित क्षमता की कमी है।



हौज खास स्थित डियर पार्क में हिरण • जागरण आर्काइव

**डीडीए से पूछा, किन खामियों के कारण डियर पार्क को बंद करने का लिया फैसला, हिरणों के स्थानांतरण मामले में दायर हुई थी याचिका**

याचिकाकर्ता संगठन ने कहा कि अधिकारियों ने पहले कहा था कि चित्तीदार हिरणों के स्थानांतरण का मुद्दा भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून को भेजा गया था और 80 चित्तीदार हिरणों के बैच में अब तक 40 को दूसरे स्थानों पर ले जाया गया है। संगठन ने दावा किया कि पार्क के लाइसेंस को रद करने के लिए कोई कारण नहीं बताया गया। इतना ही नहीं जानवरों को स्थानांतरित करने की कवायद में दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया गया। इन दिशानिर्देशों के तहत बूढ़े, नवजात और गर्भवती हिरणों के स्थानांतरण पर रोक है।

केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने आठ जून को डियर पार्क की मिनी चिड़ियाघर के रूप में मान्यता रद करने का आदेश जारी किया था। वर्ष 1960 के आसपास पार्क में छह हिरण लाए गए थे और अब इनकी संख्या लगभग 600 हो गई।

# एलजी के निर्देश पर कार्यकारी अभियंता निलंबित

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने नरेला में सड़कों की सफाई के लिए दिए निर्देशों का पालन न करने और कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही पर कार्यकारी अभियंता (पीडी-6) छानवीर को निलंबित कर दिया है। वह नरेला क्षेत्र के प्रभारी थे। उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने पर भी विचार किया जा रहा है।



वीके सक्सेना •

डीडीए के अध्यक्ष और एलजी वीके सक्सेना नरेला क्षेत्र के रखरखाव और उन्नयन के लिए व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने 11 दिसंबर 2022, एक अप्रैल 2023 और 26 अक्टूबर 2023 को इलाके का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने नरेला की स्थिति में सुधार के लिए कई उपाय करने के लिए कहा था। 26 अक्टूबर को 2023 के दौरे पर उन्होंने सड़कों को पक्का करने, साफ करने और सेंट्रल वर्ज को चमकाने के लिए विशेष निर्देश दिए थे। विशेष रूप से इस तथ्य को ध्यान में रखा गया था कि इन सड़कों से निकलने वाली धूल वायु प्रदूषण को बढ़ा रही थी। दो दिसंबर 2023 को अपने निरीक्षण में जब स्थिति असंतोषजनक पाई गई तो एलजी को दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने का निर्देश जारी करना पड़ा। ताकि जवाबदेही तय की जा सके और दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित किया जा सके। इसके बाद मंगलवार को छानवीर के निलंबन का आदेश दिया गया।

**एलजी ने दौरा कर सड़कों, सेंट्रल वर्ज, फुटपाथों की सफाई और रखरखाव का दिया था निर्देश, जिसका पालन नहीं किया गया**

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
THURSDAY, DECEMBER 7, 2023

# High court stays translocation of spotted deer

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Staying the ongoing translocation of spotted deer from the capital's Deer Park to outside the city, Delhi High Court on Wednesday suggested that at least 50 deer be retained in the park and the remaining sent to green areas under the DDA's control or the Ridge.

A bench of acting Chief Justice Manmohan and Justice Mini Pushkarna, seeking the authorities' stand on a plea challenging the nod by Central Zoo Authority (CZA) to the translocation, remarked, "Rajasthan jungle has too many leopards. They will not survive there. Retain at least 50 (in the park). At least, children can go and see some deer." The court will now take up the matter next in January.

Deer Park in south Delhi's Hauz Khas area comes under the jurisdiction of DDA and was designated a mini zoo, allowing it to be home to several spotted deer. The CZA issued the order cancelling its recognition as a 'mini zoo' on June 8.

Subsequently it was decided by authorities to shift the deer to Asola Bhati sanctuary and other places, including Rajasthan. Assailing the move, petitioner New Delhi Nature Society submitted that there was no survey conducted as mandated in rules for translocation, to protect old, new-born and their young mothers and pregnant deer from translocation.

The petitioner said 80 spotted deer in batches of 40 have been moved to other places so far and claimed no reason was provided for revocation of the park's licence and the exercise of shifting the animals was done in contravention of applicable guidelines.

# DDA suspends engineer over dirty roads in Narela

**New Delhi:** Delhi Development Authority has suspended an executive engineer for alleged dereliction of duties and non-compliance with directions in connection with cleaning of roads in Narela. He was the in-charge of the area, officials said on Wednesday. Lieutenant governor V K Saxena had earlier visited the area and issued directions for cleaning and upkeep of roads, central verges and pavements. Raj Niwas said that Saxena has been personally steering and overseeing works for maintenance and upgradation of Narela. He has visited the localities many times since December 2022. TNN

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

Hindustan Times

NAME ----------

# HC: Hold off shifting deer from Deer Park

**Shruti Kakkar**
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Delhi high court on Wednesday directed the Delhi Development Authority (DDA) to stay the translocation of deer from Deer Park at Hauz Khas, while suggesting that DDA maintain at least 50 deer in the park.


The translocation of the approximately 600 deer from Deer Park was approved by the technical committee of the Central Zoo Authority (CZA) to its natural habitat in Rajasthan and Asola Bhatti Wildlife Sanctuary on June 8 in the ratio of 70:30, subject to the authorities complying with statutory provisions and International Union for Conservation of Nature (IUCN) guidelines.

The guidelines prohibit the translocation of pregnant females, newly bred, or deer with antlers.

The decision to translocate the deer was taken after DDA's licence to run the park as a mini zoo was cancelled by CZA in view of the authority failing to check inbreeding of the animals and follow its guidelines.

The court was considering a plea filed by New Delhi Nature Society, seeking to direct DDA to ensure strict compliance to guidelines laid down by CZA and IUCN while translocating the deer.

The court asked the body to speak at the highest level regarding its suggestions, saying the remaining deer can be sent to areas under DDA control or to ridges since they won't be able to survive in Rajasthan due to presence of leopards in the jungles.



Deer lock antlers at Deer Park in New Delhi. HT ARCHIVE

Posting the plea for January 15, 2024, a bench of acting chief justice Manmohan said, "Till further orders, status quo shall be maintained qua translocation of deers (from deer park)."

The bench, also comprising justice Mini Pushkarna, further said, "Rajasthan jungle has too many leopards. They will not survive there. If the DDA cannot maintain such a small place, then who else can maintain it? It is such a larger organization. If you can maintain a gold park, you can always maintain this. Do it... If you maintain it at 50 capacity, we have no problem."

During the hearing, New Delhi Nature Society, represented by advocate Arvind Sah, argued that the authorities had earlier said the issue of translocation of the deer had been referred to the Wildlife Institute of India, Dehradun, adding that 80 deer so far have been translocated to other places in two batches of 40 each.

The society in its plea had argued that the deer were being loaded into trucks without any prior health check-up. "Deers were being sent to Asola as prey base for predators. Since the deer have lived all their lives in captivity, there is no chance of their survival in the wild as years of dormancy has led to loss of their natural instinct, speed, skill and stamina to dodge their predators," it said.

# DDA engineer suspended for failing to ensure clean roads

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Delhi Development Authority (DDA) on Tuesday suspended an executive engineer for alleged dereliction of duty and non-compliance of directions in connection with cleaning and upkeep of roads, central verges and pavements, officials said on Wednesday.

A DDA official said the authority has suspended Chhanveer (goes by a single name), executive engineer, PD-6. "He was the in-charge of Narela, and disciplinary proceedings are contemplated to be initiated against him. On his last visit to Narela on October 26, lieutenant governor VK Saxena, the ex-officio chairman of DDA, had issued specific instructions for roads to be paved and cleaned, and central verges be spruced up, especially since dust from roads was adding to air pollution. Even during a recent inspection on December 2, the situation was found to be unsatisfactory, which prompted the LG to issue directions for initiating action against the erring official so that accountability could be fixed. Accordingly, orders were issued for the suspension of Chhanveer on Tuesday," the official said, asking not to be named.

An official in the LG's secretariat said Saxena has been personally overseeing maintenance and upgradation work in Narela, and has visited the area multiple times this year.

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 7 दिसंबर 2023 SPAPERS

# सफाई में लापरवाही का आरोप, एग्ज़िक्यूटिव इंजीनियर सस्पेंड

■ विस, नई दिल्ली: डीडीए ने काम में लापरवाही बरतने और सड़कों की सफाई न करने के आरोप में एक एग्जिक्यूटिव इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया है। आरोप है कि एग्जिक्यूटिव इंजीनियर नरेला में सड़कों की सफाई करवाने में नाकाम रहे। एलजी के निर्देश के बावजूद उन्होंने काम में लापरवाही बरती।

डीडीए अधिकारी के अनुसार एलजी वीके सक्सेना ने अपने विजिट के दौरान सड़कों, सेंट्रल वर्ज और फुटपाथ की सफाई और मेंटिनेंस के निर्देश दिए थे। इसी काम में लापरवाही बरतने के लिए एग्जिक्यूटिव इंजीनियर छानवीर (पीडी-6) को सस्पेंड किया गया है। छानवीर नरेला एरिया के इंचार्ज थे। इस सस्पेंशन के साथ ही उन पर डिसिप्लेनरी एक्शन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। डीडीए के अनुसार एलजी ने नरेला में दिसंबर 2022 और इस साल अप्रैल व अक्टूबर में निरीक्षण किया था। नरेला को विकसित करने और वहां की मेंटिनेंस के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को कुछ काम करने के लिए कहा था। 26 अक्टूबर को विजिट के दौरान भी प्रदूषण को देखते हुए उन्होंने सड़कों की सफाईर, सेंट्रल वर्ज और फुटपाथ लेकर निर्देश दिए थे। इसके बाद दो दिसंबर को उन्होंने निरीक्षण किया तो उन्हें नरेला की स्थिति असंतोषजनक दिखी।

हिन्दुस्तान

# 'हिरणों के स्थानांतरण पर यथास्थिति बनाए रखें'

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। उच्च न्यायालय ने बुधवार को अधिकारियों से अगले आदेश तक डियर पार्क के चित्तीदार हिरणों के स्थानांतरण पर यथास्थिति बनाए रखने को कहा है।

■ अदालत ने रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर जवाब देने को कहा

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने अधिकारियों से केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) के फैसले पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर जवाब देने को कहा है। साथ ही, सुझाव दिया कि कम से कम 50 हिरणों को पार्क में रखा जाए और शेष को डीडीए तथा रिज के नियंत्रण वाले हरित जंगल में भेजा जा सकता है। पीठ ने कहा कि राजस्थान के जंगल में बहुत सारे तेंदुए हैं। वे वहां जीवित नहीं रहेंगे। इस पार्क में कम से कम 50 हिरण रखे जा सकते हैं। अगले आदेश तक यथास्थिति बनाए रखें, उन्हें स्थानांतरित न करें। अधिकारियों ने कहा कि डियर पार्क का चिड़ियाघर के रूप में लाइसेंस रद्द करने का निर्णय जनसंख्या में तेजी से वृद्धि, इनब्रीडिंग, बीमारी फैलने की संभावना और इसे बनाए रखने के लिए प्रशिक्षित जनशक्ति की कमी को देखते हुए लिया गया है।

# एबीवीपी का राष्ट्रीय अधिवेशन आज से

नई दिल्ली, प्र. सं.। दिल्ली में गुरुवार से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का चार दिवसीय 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन डीडीए मैदान, बुराड़ी में शुरू होगा।

अधिवेशन के उद्घाटन अवसर पर 8,500 हजार विद्यार्थी एक साथ वंदे मातरम का सामूहिक गान करेंगे। इस मौके पर दत्ताजी डिडोलकर प्रदर्शनी का उद्घाटन परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार भाटिया तथा मूर्तिकार नरेश कुमावत करेंगे। वहीं, महाराष्ट्र के रायगड किले से शुरू हुई एबीवीपी की हिंदवी स्वराज्य यात्रा गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंचेगी।

# फ्लैटों की बुकिंग 11 दिसंबर से शुरू होगी

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की पहले आओ, पहले पाओ योजना के तहत फ्लैटों की बुकिंग प्रक्रिया 11 दिसंबर से शुरू होगी। लोग बुकिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए डीडीए के कॉल सेंटर के नंबर 1800110332 पर कॉल कर सकते हैं।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS- **THE INDIAN EXPRESS,** THURSDAY, DECEMBER 7, 2023

COURT ORDERS STATUS QUO ON THEIR TRANSLOCATION

# Keep 50 deer at city's Deer Park, children can go see them: HC suggests

**MALAVIKA PRASAD**
NEW DELHI, DECEMBER 6

THE DELHI High Court Wednesday ordered "status quo" on the translocation of spotted deer from the capital's deer park to forest areas in the city as well as Rajasthan, after its recognition as a "mini zoo" had been cancelled earlier this year.

The HC was hearing an application seeking stay on the translocation of the animals from the AN Jha Deer Park in Hauz Khas to any other place till the time the main writ petition alleging non-compliance of guidelines on translocation of animals by authorities is finally decided.

A division bench of Acting Chief Justice Manmohan and Justice Mini Pushkarna orally enquired from the counsel for the various authorities, including the Delhi Development Authority (DDA), on the reason for the translocation.

As per the plea, the Central Zoo Authority (CZA) on June 8 cancelled the deer park's recognition as a "mini-zoo", which falls under the DDA's jurisdiction. It had further approved translocation of 600 deer to a forest in Rajasthan and the Asola Bhatti Wildlife Sanctuary in Delhi in the ratio of 70:30. This was subject to the condition that the release shall comply with statutory provisions and the International Union for Conservation of Nature (IUCN) guidelines for reintroduction and other conservation translocations.

When told that "over breeding" was one of the issues, the bench orally said, "If that is the issue, then use them somewhere else in Delhi. Why are you sending them outside? DDA has so much land and green area. They can be accommodated in our Ridges here."

It also suggested that at least 50 deer can be maintained inside the park. "Speak to the people at the highest level, maintain at least 50 over here. Children here can go and see the deer," the HC said.



The recognition of the AN Jha Deer Park in Hauz Khas as a mini zoo was cancelled in June. *Archive*

When told the deer were being translocated to Rajasthan and Asola, the Acting Chief Justice said Rajasthan has too many leopards and the deer may not survive there.

Issuing notice on the application, the HC asked authorities not to shift the deer and ordered, "List the present application on January 15, 2024. Till further orders, there shall be a status quo qua the translocation of deer."

The counsel for the petitioner, New Delhi Nature Society, argued that the CZA's order is contradictory to the Wildlife (Protection) Act's mandate as it does not record any reasons in writing for revocation of the zoo's licence, which is mandatory as per the Act.

The counsel argued that the petitioner first received information of the translocation of 40 deer prior to the filing of the present petition and translocation of another 40 to Rajasthan and Asola through newspaper articles last month, after the matter was heard on October 30.

On October 30, the counsel appearing for Chief Wildlife Warden (CWLW), Department of Forest of Wildlife, Delhi government, had said the issue of translocation had been referred to the Wildlife Institute of India, Dehradun, and a report from them is awaited.

The Delhi government counsel had then sought time to file a status report.

The petitioner's counsel argued that this translocation has happened without complying with IUCN guidelines about zoos in India, which categorically prohibits translocation of pregnant and newborn deer, deer with antlers, and deer that have recently given birth amongst others. He also said the deer were translocated mechanically without bifurcating them into categories, as per IUCN guidelines.

## DDA suspends Narela exec engineer

*New Delhi:* The Delhi Development Authority (DDA) has suspended an executive engineer following "his failure to comply with" the directives from Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena, who is personally overseeing the development of Narela sub-city. Disciplinary proceedings are also under consideration against DDA executive engineer Chhanveer, who is in charge of Narela, according to a statement. According to DDA officials, the suspension will serve as a stern message of accountability for officials. **ENS**

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS-- millenniumpost
NEW DELHI | THURSDAY, 7 DECEMBER, 2023


# Officials directed to speed up gram sabha land survey in Delhi's urbanised villages

*'The survey of gram sabha land of urbanised villages in Delhi has been affected by the difficulties in availing of revenue records and the shortage of adequate staff members'*

**OUR CORRESPONDENT**

**NEW DELHI:** The survey of gram sabha land of urbanised villages in Delhi has been affected by difficulties in availing of revenue records and the shortage of adequate staff members, officials said on Wednesday.

Lt Governor VK Saxena in a recent review meeting had directed revenue officials to ensure the availability of records to the Delhi Development Authority (DDA) for the survey work, a senior government officer said.



L-G VK Saxena

## Highlights

» 'Lt Governor VK Saxena in a recent review meeting had directed revenue officials to ensure the availability of records to the Delhi Development Authority (DDA) for the survey work'

» Saxena on December 2 launched the Dilli Gramodaya Abhiyan for the development of urbanised villages in the national capital with a dedicated fund of more than Rs 800 crore

» The city government's urban development department notified 89 villages as 'urbanised' under the Delhi Development Act in January 2019. Another lot of 79 villages were notified as 'urban' in September 2020

Saxena on December 2 launched the Dilli Gramodaya Abhiyan for the development of urbanised villages in the national capital with a dedicated fund of more than Rs 800 crore.

Under the ambitious campaign funded and conducted by the DDA, the urbanised villages will get a major infrastructure boost, landscape upgrade and civic services at par with the main city.

The city government's urban development department notified 89 villages as 'urbanised' under the Delhi Development Act in January 2019. Another lot of 79 villages were notified as 'urban' in September 2020.

According to records available, till date, 258 gram sabhas have been vested with the DDA under Section 22(1) of the Delhi Development Act.

However, the DDA has been granted physical possession of only 165 gram sabhas.

In order to ascertain the extent of vacant land and built-up space, the DDA is carrying out total station surveys of the gram sabha land of villages.

Total station is an optical device used for land surveys.

The city government's revenue department is verifying the surveys, the officials said.

Till date, surveys have been done in 122 villages. However, reference points had not been marked earlier and it is under process. "Non availability of proper revenue records such as Masabi and Khatauni, among others, along with the (shortage of) staff, is posing problems in the surveys," said a senior government officer.

A revised survey schedule has been issued to complete the process in the remaining villages by February and revenue staff have been directed to ensure their availability for the purpose, and provide the land records to the DDA, said the officer.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

7 दिसम्बर • 2023 राष्ट्रीय सहारा

# डियर पार्क से हिरणों के स्थानांतरण पर हाईकोर्ट की रोक

नई दिल्ली (एसएनबी)। हाईकोर्ट ने हौजखास स्थित डियर पार्क से चित्तीदार हिरणों के किसी भी अन्य अभयारण्य में स्थानांतरण करने पर रोक लगा दी और इसे बंद करने के बजाय हौजखास पार्क में कम से कम 50 हिरणों को रखने का सुझाव दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने नई दिल्ली नेचर सोसाइटी के एक आवेदन पर यह निर्देश दिया। साथ ही सुनवाई अगले महीने के लिए स्थगित कर दी।

याचिकाकर्ता सोसायटी ने हौजखास से राजस्थान और असोला में जानवरों को स्थानांतरित करने के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) की ओर से दी गई मंजूरी पर रोक लगाने की मांग की थी। पीठ हौज खास स्थित एएन झा डियर पार्क से हिरणों को स्थानांतरित करने के फैसले के पीछे के कारणों की जानकारी देने को कहा है। उसने कहा कि अगले आदेश तक हिरण के आगे कहीं भी स्थानांतरण पर यथास्थिति बरकरार रहेगी।

कोर्ट ने कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) मौजूदा स्थानों पर कुछ हिरणों को बनाए रखते हुए उन्हें अन्य हरे क्षेत्रों में स्थानांतरित कर सकता है। उसने टिप्पणी करते हुए कहा कि यहां कुछ (हिरण) रखें जिससे उन्हें बच्चे देख सकें। कोर्ट को बताया गया कि ज्यादा हिरण होने की वजह से उन्हें दूसरे जगह स्थानांतरित किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि जानवरों को दिल्ली के भीतर स्थानांतरित किया जा सकता है। उसने कहा कि आप हिरणों को दिल्ली से बाहर क्यों भेज रहे हैं? डीडीए के पास इतनी जमीन है, इतना हरित क्षेत्र है, आप उन्हें वहां बसा सकते हैं। उन्हें अन्य जगहों पर समायोजित किया जा सकता है।

**कोर्ट ने पार्क को बंद करने के बजाय हौजखास पार्क में कम से कम 50 हिरणों को रखने का सुझाव दिया**

कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि हिरणों को राजस्थान में स्थानांतरित किया गया तो वे जीवित नहीं रह पाएंगे, क्योंकि राज्य में कई तेंदुए हैं। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि सीजेडए द्वारा दी गई मंजूरी वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में दिए गए शासनादेश के खिलाफ है, क्योंकि इसमें चिड़ियाघर के लाइसेंस को रद्द करने का कोई कारण दर्ज नहीं है। कई हिरणों को पहले ही राजस्थान में स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रतिवादी के वकील ने कहा कि असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य में अभी तक कोई स्थानांतरण नहीं हुआ है। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि अब तक स्थानांतरण अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) के दिशानिर्देशों के अनुपालन के बिना हुआ है।

## लापरवाही के आरोप में डीडीए अभियंता निलंबित

नई दिल्ली। विकास कार्यों में लगातार लापरवाही बरतने के आरोप में उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के नरेला क्षेत्र के कार्यकारी अभियंता को निलंबित कर दिया है। आरोप है कि अभियंता एलजी के निर्देशों की लगातार अनदेखी कर रहा था। इन दिनों नरेला में चल रहे विकास कार्यों पर एलजी लगातार नजर रखे हुए हैं।

the pioneer | THURSDAY | DECEMBER 7, 2023

# NGT seeks compliance reports on rainwater harvesting

STAFF REPORTER
NEW DELHI

The National Green Tribunal (NGT) has sought a compliance report from authorities including the Delhi Jal Board, Delhi Development Authority, Public Works Department of the city government and four others on the functioning of rainwater harvesting systems in the national capital. The NGT had directed the authorities concerned in September 2019 to take measures like not installing rainwater harvesting systems (RWHS) near stormwater drains, closing deficient RWHS, installing instruments for monitoring the quality of recharged water and separating pollutants.

A bench of NGT Chairperson Justice Prakash Shrivastava noted the submission of the petitioner's counsel that the directions were not complied with.

The bench, also comprising judicial member Justice Arun Kumar Tyagi and expert member A Senthil Vel, said it was issuing notice to the authorities concerned.

THE HINDU

# Retain at least 50 deer at city park, says HC

The Hindu Bureau
NEW DELHI

The Delhi High Court on Wednesday ordered the city authorities to halt, until further orders, the translocation of spotted deer from Deer Park in Hauz Khas.

The High Court also suggested that at least 50 deer be retained in the park and the remaining be sent to green areas under the Delhi Development Authority or the Ridge in north Delhi.

"At least children can see some deer. Meanwhile, maintain status quo, don't shift [the deer]," the court said, listing the case for hearing in January.

The order was in response to a plea seeking a stay on the June 8, 2023 decision of the Central Zoo Authority (CZA) to cancel the Deer Park's recognition as a mini zoo. The park's licence was cancelled due to several factors, including rapid overpopulation.

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-------------------------------- amarujala.com बृहस्पतिवार, 7 दिसंबर 2023 ----------------


## चित्तीदार हिरणों को स्थानांतरित करने पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने बुधवार को अधिकारियों से राजधानी में मिनी चिड़ियाघर के रूप में प्रसिद्ध डीयर पार्क की मान्यता रद्द होने के बाद वहां से चित्तीदार हिरणों के स्थानांतरण के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने को कहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने अधिकारियों से केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) के फैसले पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुझाव दिया कि कम से कम 50 हिरणों को पार्क में रखा जाए और शेष को डीडीए या रिज के नियंत्रण वाले क्षेत्र में भेजा जा सकता है।

पीठ ने कहा राजस्थान के जंगल में बहुत सारे तेंदुए हैं। ऐसे में वे वहां जीवित नहीं रहेंगे। कम से कम 50 (पार्क में) रखें। कम से कम बच्चे जा सकते हैं और कुछ हिरणों को देख सकते हैं। अदालत ने कहा इस बीच यथास्थिति बनाए रखें और उन्हें स्थानांतरित न करें। पार्क जिसे आधिकारिक तौर पर एएन झा डियर पार्क के नाम से जाना जाता है, दक्षिण दिल्ली के हौज खास क्षेत्र में एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल और हैंगआउट क्षेत्र है। यह दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकार क्षेत्र में आता है। ब्यूरो

## डीडीए ने नरेला जोन के कार्यकारी अभियंता को किया निलंबित

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने काम में लापरवाही और निर्देशों का ठीक से पालन न करने पर एक कार्यकारी अभियंता को बुधवार को निलंबित कर दिया। बीते दिनों नरेला जोन में दौरे पर पहुंचे उपराज्यपाल वीके सक्सेना को इलाके में कई खामियां मिली थीं। इसमें सड़क, सेंट्रल वर्ज व फुटपाथ की साफ-सफाई व रखरखाव को बेहतर करने के निर्देश दिए गए थे, बावजूद इसके हालात में बदलाव नहीं आया।

इसमें कार्यकारी अभियंता छानवीर की लापरवाही पाई गई और निलंबित करने का आदेश डीडीए ने जारी कर दिया है। प्राधिकरण उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। छानवीर नरेला जोन के प्रभारी भी रहे हैं।

इससे पहले बीते एक साल में उपराज्यपाल ने नरेला का तीन बार दौरा किया। बीते साल दिसंबर, इस साल अप्रैल व अक्तूबर के दौरों में ढेरों खामियां मिलीं और इसे ठीक करने का आदेश भी जारी किया। अक्तूबर में उपराज्यपाल ने जोर दिया कि गहराते प्रदूषण को देखते हुए सड़कों, फुटपाथ और सेंट्रल वर्ज की बेहतर तरीके से सफाई की जाए। बीते दो दिसंबर को भी उपराज्यपाल इलाके में पहुंचे। इसमें काम संतोषजनक नहीं मिला। ऐसे में उपराज्यपाल ने जिम्मेदारी तय करने के लिए संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई का आदेश दिया। इसी कड़ी में डीडीए ने कार्यकारी अभियंता छानवीर को निलंबित करने का आदेश जारी किया। ब्यूरो


पंजाब केसरी
DELHI


# काम में लापरवाही पर डीडीए का एग्जीक्यूटिव इंजीनियर निलंबित

### नरेला में एलजी द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन न करने का आरोप

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने काम में लापरवाही बरतने और निर्देशों का पालन न करने पर नरेला क्षेत्र के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को निलंबित कर दिया है। राजनिवास के अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डीडीए ने अकर्मण्यता और सरकारी आदेशों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए एग्जीक्यूटिव इंजीनियर छानवीर, पीडी-6 को नरेला में सड़कों की सफाई में निर्देशों का पालन न करने और काम में कौताही बरतने के लिए निलंबित किया है। वह नरेला क्षेत्र के प्रभारी थे, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने पर विचार किया जा रहा है।



दरअसल दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना व्यक्तिगत तौर पर नरेला क्षेत्र के अपग्रेडेशन और रखरखाव के कार्यों की देखरेख कर रहे हैं। उन्होंने 11 दिसंबर 2023, 1 अप्रैल 2023 और 26 अक्टूबर 2023 को क्षेत्र का दौरा किया था और उन्होंने यहां कई सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिये थे। 26 अक्टूबर 2023 को हुए उनके पिछले दौरे में उन्होंने सड़कों को पक्का करने तथा सेंट्रल वर्ज की साफ-सफाई कर चमकाने के विशेष निर्देश दिए थे। दरअसल खस्ताहाल सड़कों से उड़ने वाली धूल क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ा कर रही थी। इसके बावजूद 2 दिसंबर 2023 को हुए उनके हालिया दौरे में हालात असंतोषजनक दिखाई दिए, जिसकी वजह से उपराज्यपाल को दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के निर्देश देने पड़े, ताकि अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सके और इससे दूसरों के लिए भी एक उदाहरण स्थापित किया जा सके। तदनुसार 5 दिसंबर 2023 को एग्जीक्यूटिव इंजीनियर छानवीर के निलंबन के आदेश जारी कर दिए गए।